न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय/त्वरित निस्तारण न्यायालय (14वां वित्त आयोग)
जनपद हमीरपुर।

दाण्डिक अपील सं०-06/2026

नीरज कुमार पाण्डे **बनाम** सरकार उ०प्र० आदि

07.05.2026

निस्तारण प्रार्थना पत्र सं०-5 ख

पुकार पर पत्रावली पेश हुयी।

प्रस्तुत पत्रावली में प्रार्थना पत्र का०सं०-5 ख दाखिल अपीलार्थी की ओर से हुआ है। जिस पर अपीलार्थी द्वारा पूर्व तिथि पर बल दिया गया है और अपीलार्थी पक्ष द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र 5 ख पर आपत्ति अंकित की गयी है कि अपील को लंबित करने के उद्देश्य से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत है जो देरी से दिया गया है।

सुना गया एवं पत्रावली का सम्यक अवलोकन किया।

प्रस्तुत दाण्डिक अपील पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि अपीलार्थी द्वारा विद्वान विचारण न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट/सिविल जज (जू०डि०) एफ०टी०सी०-द्वितीय (महिलाओं के विरूद्ध अपराध), हमीरपुर द्वारा दाण्डिक वाद सं०-190/2019 देववाणी बनाम नीरज कुमार पाण्डे आदि धारा-12 घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम थाना कोतवाली जिला हमीरपुर में पारित प्रश्नगत आदेश दिनांकित 22.08.2025 के विरूद्ध योजित की गयी है जिसमें उक्त प्रार्थना पत्र का०सं०-5 ख द्वारा प्रश्नगत आदेश दिनांकित 22.08.2025 का क्रियांन्वयन स्थगित किये जाने के संबंध में किया गया है। परन्तु उत्तरार्थी पक्ष की ओर से आपत्ति अंकित है कि मात्र प्रस्तुत अपील को लंबित किये जाने हेतु यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है जिससे यह स्पष्ट होता है कि प्रस्तुत दाण्डिक अपील की अतिशीघ्र निस्तारित होने की संभावना है औऱ उक्त प्रश्नगत आदेश दिनांकित 22.08.2025 का क्रियांन्वयन रोके जाने से मात्र प्रस्तुत अपील के निस्तारण में देरी कारित होगी। तद्नुसार प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का०सं०-5 ख इस स्तर पर अपर्याप्त आधार होने के आधार पर निरस्त होने योग्य है

आदेश

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का०सं०-5 ख निरस्त किया जाता है। उभयपक्ष अंतिम बहस हेतु दिनांक 11.05.2026 को उपस्थित हो।

दिनांक-07.05.2026

(निजेन्द्र कुमार)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/त्वरित एवं निस्तारण न्यायालय
(14th वित्त आयोग)
जनपद हमीरपुर।

Digitally signed by NIJENDER KUMAR
Date: 2026.05.07 12:47:07 IST
Reason: Application disposal
Location: District and Sessions Court